एक नजर में

अखाड़े और नगाड़े डीजे के साथ निकले ताजिये

तलेन 28 जून, सं. नगर के गांधी चौक से प्रातः 11.00 बजे शनिवार को अखाड़े और नगाड़े डीजे के साथ इमाम हुसैन की याद में ताजियों का जुलूस परंपरागत रूप से इस वर्ष भी निकाला गया. इससे पूर्व शुक्रवार को सभी ताजिये गांधी चौक में बैठे. वहीं अखाड़े के कलाकारों ने हैरत अंगेज करतब दिखाये. शनिवार को सभी ताजिये नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पर पहुंचे. जहां शाम 6 बजे कर्बला पर विसर्जित किए गए. इस दौरान प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पूरे प्रबंध किए गए. प्रशासनिक अधिकारियों का मोहर्रम कमेटी की ओर से स्वागत किया गया. अखाड़े के उस्तादों का साफा बांधकर स्वागत किया गया.

पॉलीटेक्निक द्वितीय वर्ष में सीधा प्रवेश

राजगढ़ 28 जून, का. प्राचार्य शासकीय पॉलटेक्निक महाविद्यालय द्वारा बताया गया कि शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राजगढ में तकनीकी शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजिनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष में रिक्त सीटों के विरुद्ध 2 वर्षीय आईटीआई उत्तीर्ण या पीसीएम के साथ 12वीं पास को सीधे पॉलीटेक्निक डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष में प्रवेश मिलेगा. प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुके है. प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं संस्था में उपस्थित होकर या डीटीई काउंसलिंग पोर्टल पर एमपी ऑनलाईन, कियोस्क सेन्टर एवं स्वयं के द्वारा रजिस्ट्रेशन करा कर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते है. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 26 जुलाई रात्रि 11.45 बजे तक, प्राथमिकता च्वाईस फिलिंग का ऑनलाइन चयन 25 जून से 30 जुलाई रात्रि 11.45 बजे तक, कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता 31 जुलाई, आवंटित संस्था में प्रवेश 03 अगस्त से 08 अगस्त तक होगा.

आंखों से विकलांग को मिली आर्थिक मदद

राजगढ़ 28 जून, का. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा भूरी बाई को 2 हजार रूपये की आर्थिक सहायता रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदाय की गई. आवेदिका के द्वारा बताया गया कि आवेदिका किराए के मकान में निवास करती है. आवेदिका मजदूरी कर बच्चों का भरण पोषण करती हैं. आवेदिका आंखो से विकलांग हैं. आवेदिका की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हैं.

भरण पोषण के लिए मिली आर्थिक सहायता

राजगढ़ 28 जून, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा रेखा बाई को 25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदाय की गई. आवेदिका के द्वारा बताया गया कि आवेदिका के पति की मृत्यु छत गिरने से हो गई थी. आवेदिका के तीन बच्चे हैं. आवेदिका के पास आय के कोई भी साधन नहीं हैं. आवेदिका की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से परिवार को भरण पोषण करने में असमर्थ हैं.

3 साल से गंदगी में घिरा जीरापुर का फिल्टर प्लांट

3 साल से आ रही समस्या, फिर भी अव्यवस्था जस की तस, शुद्ध पेयजल की जगह दूषित पानी पीने को कर रहा मजबूर

प्लांट के आसपास फैली गंदगी और लीकेज से दूषित पानी ही टंकियों तक पहुंच रहा
विधायक के निरीक्षण के बाद जमीनी स्तर पर स्थिति में कोई बदलाव नहीं

नवभारत न्यूज

जीरापुर 28 जून, सं. नगर परिषद की अव्यवस्थित कार्य प्रणाली की वजह से आम उपभोक्ताओं को दूषित पानी पीने पर मजबूर होना पड़ रहा है. जानकारी के मुताबिक फिल्टर प्लांट से नगर की पेयजल टंकियों को भरा जाता है और वहीं से नगर के उपभोक्ताओं को पेयजल हेतु जल सप्लाई किया जाता है लेकिन शुद्ध पेयजल के नाम पर कितनी शुद्धता है, इस पर नगर परिषद जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर पा रही है.

अव्यवस्थित कार्य प्रणाली के कारण शुद्ध पेयजल के नाम पर दूषित पानी पीने पर आमजन मजबूर हैं. नगर में सप्लाई होने वाले शुद्ध पेयजल को लेकर एवं फिल्टर प्लांट के आसपास गंदगी, मीट मार्केट जैसी प्रमुख समस्याओं को लेकर समाचार पत्रों के माध्यम से विगत 3 वर्षों से नगर परिषद को एवं जिला प्रशासन को जगाया जा रहा है लेकिन किसी पर भी इसका असर नहीं हुआ और वर्तमान में भी शुद्ध पेयजल को लेकर लोगों के सामने गंभीर समस्या खड़ी है. इसके साथ ही नागरिकों के

नगर परिषद ने डीपी दुरुस्त कराई, मिलेगा निर्बाध पेयजल

जीरापुर 28 जून, सं. विगत कुछ दिनों से गागोरनी श्मशान घाट के समीप लगी डीपी यानी ट्रांसफार्मर के खराब होने से किशनगढ़ मोहल्ला सहित अन्य वार्डों में गंदा एवं मटमैला पेयजल सप्लाई हो रहा था. इस क्षेत्र के रहवासी मजबूरी में इस पानी का उपयोग करने को विवश थे. इस समस्या को नवभारत समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित कर जनता की आवाज नगर परिषद तक पहुंचाई. नवभारत की खबर का असर यह हुआ कि विद्युत विभाग के जेई करण संत और उनकी टीम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी देवनारायण दांगी, उपयंत्री बृजेश उपाध्याय व नगर परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर गागोरनी घाट श्मशान की ट्रांसफार्मर बदली. इसके साथ ही जल सप्लाई लाइन क्लियर कर बाधक बन रहे पेड़-पौधे भी हटाए गए. इस दौरान वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद प्रतिनिधि शिव मंडलोई भी मौजूद थे. नगर परिषद सीएमओ देवनारायण दांगी ने बताया कि अब इन वार्ड वासियों तथा किशनगढ़ मोहल्ला में शुद्ध पेयजल सप्लाई होगी. नगर परिषद द्वारा जल्द समस्या निराकरण करने पर रहवासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया.

खबर का असर

नलों से हुई गंदे, मटमैले पानी की सप्लाई

प्लांट के आसपास फैली गंदगी

प्लांट के आस पास फैली गंदगी और लीकेज से दूषित पानी ही टंकियों तक पहुंच रहा है. मीट मार्केट, झुग्गी झोपड़ी की नाली का पानी फिल्टर प्लांट में पहुंच रहा है. आमजन के स्वास्थ्य पर खतरा गंदा पानी पीने से डायरिया, पीलिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है. उपभोक्ताओं ने मांग की है कि फिल्टर प्लांट की नियमित सफाई, वाल चेम्बर की मरम्मत और मीट मार्केट को अन्यत्र शिफ्ट कराकर शुद्ध पेयजल की सप्लाई सुनिश्चित की जाए. इंदौर शहर में दूषित पानी की घटना नगर में भय बना कहीं ऐसा न हो कि विगत कुछ माह पहले इंदौर में दूषित पानी पीने से कई लोग बीमार पड़े और मौत के ग्रास बने, क्या प्रशासन उस गंभीर घटना से सबक नहीं ले रही या जीरापुर में भी बीमारी फैले जिसका इंतजार हो. नगर परिषद इसके बावजूद भी इस विकट समस्या का कोई स्थाई निदान नहीं कर पा रही है. इतना ही नहीं, जिला प्रशासन के संज्ञान में भी उक्त मामला आने के बाद प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. नागरिकों में रोष है कि जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौके पर जाकर समस्या देख चुके हैं, फिर भी समाधान क्यों नहीं हो रहा. इस मामले में सीएमओ देवनारायण दांगी का कहना है कि जो भी समस्या है अभी दिखवाता हूं. वहीं मीट मार्केट भूमि आवंटन की कार्यवाही प्रचलित है शीघ्र वहां से मीट मार्केट हटवा दिया जाएगा. वहीं विधायक हजारीलाल दांगी का कहना है कि आज ही सीएमओ को बुलाकर मीट मार्केट हटवाने की व्यवस्था करता हूं.

विधायक के अवलोकन के बाद भी सुधार नाकाम

विगत लगभग ढाई वर्ष पहले विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह सीएमओ एवं अन्य अधिकारियों ने फिल्टर प्लांट का अवलोकन किया. जहां पर गंदगी सहित मीट मार्केट की नाली की गंभीर समस्या सामने आई जहां पर गंदा मटमैला पानी बदबू दार पानी सप्लाई पर सवालिया निशान खड़े हुए. लेकिन विधायक हजारीलाल दांगी ने तत्काल प्रभाव से समस्या का निराकरण की बात रखी थी एवं शुद्ध पेयजल सप्लाई के निर्देश दिए थे लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया.

सेफ क्लिक अभियान के तहत 25 कार्यक्रम आयोजित

राजगढ़ 28 जून, का. सेफ क्लिक अभियान 2.0 के अंतर्गत रविवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए. अभियान के तहत जिलेभर में कुल 25 कार्यक्रम आयोजित किए गए.

इन कार्यक्रमों में 1,665 नागरिकों ने सहभागिता की. कार्यक्रमों के दौरान ग्राम चौपाल, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों एवं अन्य स्थानों पर आमजन, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया. पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को फर्जी लिंक, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी, यूपीआई/क्यूआर कोड फ्रॉड, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग एवं अन्य साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए गए.

साथ ही साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई. पुलिस ने आमजनों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, अपनी बैंकिंग एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध साइबर गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें. सोशल मीडिया पर जुड़े रहे.

बलिदान दिवस मनाया

पीलूखेड़ी 28 जून, सं. स्थानीय ग्राम पंचायत में श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मनाया गया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इस मौके पर शक्ति केंद्र प्रभारी मोती सिंह चौहान, सूरज सिंह, शिव डीद्यविश्वकर्मा, मनोहर प्रजापति, पत्रकार आनंद वर्मा बाबूलाल नायक भगवान सिंह यादव भारत सिंह मोया, प्रेम सिंह दया, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

गांव मगराना में लगी साइबर जागरुकता चौपाल

अपराध रोकने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर चर्चा हुई

नवभारत न्यूज

पडाना 28 जून, सं. ग्राम मगराना में ग्राम पंचायत सरपंच एवं विधायक प्रतिनिधि के साथ ग्रामीण चौपाल का आयोजन किया गया. चौपाल में ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लोन ऐप व ओटीपी फ्रॉड से बचाव के तरीके बताए गए.

वक्ताओं ने ग्रामीणों को समझाया कि अनजान लिंक, कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें. बैंक, पुलिस या सरकारी विभाग कभी फोन पर ओटीपी, पिन या पासवर्ड नहीं मांगते. किसी भी तरह की ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं. कार्यक्रम में गांव में अपराध रोकने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी चर्चा हुई. ग्रामीणों को कैमरे लगाने हेतु जागरूक व प्रोत्साहित किया गया. सरपंच ने कहा कि जागरूकता से ही साइबर ठगी को रोका जा सकता है. विधायक प्रतिनिधि ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया. इस मौके पर चौपाल में चौकी प्रभारी भंवर सिंह भूरिया सहित सरपंच प्रतिनिधि महेश गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुष व युवा शामिल हुए.

कार्यकर्ताओं के साथ राज्यमंत्री टेटवाल ने सुनी मन की बात

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को देखा

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 28 जून, सं. भारतीय जनता पार्टी मंडल सारंगपुर के तत्वावधान में रविवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के प्रसारण को सामूहिक रूप से सुना गया.

यह कार्यक्रम शक्ति केंद्र वीरांगना रानी अवंतीबाई तरलाखेड़ी के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18, जयनगर स्थित बूथ क्रमांक 115 पटेल निवास पर आयोजित हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे. जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम - डॉ. टेटवाल कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम केवल एक रेडियो प्रसारण नहीं है. यह देशवासियों को प्रेरणा देने, जनभागीदारी बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है.

उन्होंने सभी से आह्वान किया कि देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें. इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, मोहन लववंशी, देवीसिंह पटेल लाडसिंह, देवीसिंह लववंशी ज्ञानसिंह अनिल बागरी गोकुल अहिरवार शांतीलाल लववंशी, मोहन लववंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे.

राज्यमंत्रियों ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 28 जून, का. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने रविवार को ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुंचकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया. इस अवसर पर उन्होंने छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की तथा अभिभावकों से अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की.

इस मौके पर श्री पंवार ने सिविल अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर उनका हालचाल जाना. उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की. साथ ही चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

सारंगपुर में डॉ. टेटवाल ने पिलाई पोलियो दवा

सारंगपुर में राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ गौतम टेटवाल द्वारा सिविल हॉस्पिटल में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया. इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की. चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से अस्पताल की व्यवस्थाओं, उपलब्ध सुविधाओं एवं जनसेवा संबंधी कार्यों की जानकारी ली.

जाहिर सूचना

क्रमांक.. दिनांक 24.06.26

खसरा कमांक 8/1/2/5 कुल रकबा 0.506 हेक्टेयर ग्राग रामपुरिया प0ह0न0 13 तहसील राजगढ़ जिला राजगढ़ के अंतर्गत स्थित कृषि भूमि के संबध में. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री गोपाल सिंह पिता श्री श्रीलाल जाति सौधियां उम्र 39 वर्ष, निवासी: ग्राम- फूलखेडी तहसील राजगढ़ जिला राजगढ़, मध्यप्रदेश से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम रामपुरिया प0ह0न0 13 तहसील व जिला राजगढ के अंतर्गत स्थित कृषि भूमि जिसके खसरा नंबर 8/1/2/5. कुल रकबा (क्षेत्रफल) 0.506 हैक्टर को क्रय करने का सौदा किया है जिसके बयाने की आशिंक धनराशी मेरे पक्षकार द्वारा अदा कर दी गई है. यह कि, उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय या अशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था, बैंक, सोसायटी अथवा अन्य का कोई हित, स्वत्व संबंध या किसी भी प्रकार भार प्रभार या अन्य कोई विक्रय व्यवहार मे लेन-देन हो, तो वह सूचना प्रकाशन की दिनांक से सात दिवस की अवधि में उक्त भूमि के सबंध में प्रमाणित समस्त दस्तावेज सहित मेरे कार्यालयीन समय सुबह 10.30 से 5.30 बजे तक समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें. समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व, अधिकार या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बधंनकारी नहीं होगी तथा विक्रयपत्र पंजीयन करवा लिया जावेगा.

भवदीय
जितेन्द्र सिंह जाट एडवोकेट
ऑफिस कलेक्ट्रेट परिसर के सामने
राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
मो0 8602711038

अभियान कलेक्टर ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

जिले के 1146 बूथों पर तीन दिवसीय पोलियो अभियान प्रारंभ

2.21 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

नवभारत न्यूज

राजगढ़, 28 जून, का. जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को जिला चिकित्सालय, राजगढ़ से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक दो बूंद पिलाकर किया गया. इस अवसर पर कलेक्टर ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस गंभीर बीमारी से असुरक्षित न रहे.

अभियान के प्रथम दिवस जिले के 1146 पोलियो बूथों पर शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के 2 लाख 21 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से ही पूर्ण कर ली गई हैं तथा सभी डिपो होल्डरों तक पोलियो वैक्सीन एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध करा दी गई है.

पोलिया की दवा लेकर घर-घर पहुंचेंगी टीमें

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने बताया कि यह अभियान 28, 29 एवं 30 जून 2026 तक संचालित होगा. प्रथम दिवस बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है, जबकि आगामी दो दिनों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी. जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शेख जलालुदीन ने बताया कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की सहायता, सूचना अथवा आपात स्थिति के त्वरित निराकरण के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं. सूचना प्राप्त होते ही संबंधित स्वास्थ्य दल तत्काल आवश्यक कार्रवाई करेगा.

विधायक ने बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

जीरापुर 28 जून, सं. सिविल अस्पताल में रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ विधायक हजारीलाल दांगी ने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर किया. इस अवसर पर ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. सुनील चौरसिया ने बताया कि जीरापुर सिविल अस्पताल के अंतर्गत पूरे ब्लॉक में 202 पोलियो बूथ केंद्र बनाए गए हैं. इन केंद्रों पर 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी. उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे. कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. सुनील चौरसिया, डॉ. अभिषेक शर्मा, सीएमओ देवनारायण दांगी, रमेशचंद्र शर्मा, एएनएम हेमलता वर्मा, चित्रा गौड़ सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा.

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल, सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे. स्वास्थ्य विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि दो बूंद जिंदगी की अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहें.

40 बच्चों का सामूहिक विद्यारंभ संस्कार कराया

ब्यावरा 28 जून, का. अखिल विश्व गायत्री परिवार ने ग्राम सोनकच्छ में 40 बच्चों का सामूहिक विद्यारंभ संस्कार संपन्न कराया. रविवार को हुए कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ और आध्यात्मिक वातावरण के बीच बच्चों ने विधिवत शिक्षा का शुभारंभ किया. इस अवसर पर बच्चों के माता-पिता ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम चरित्र और संस्कारित जीवन की कामना करते हुए ज्ञान के मार्ग पर अग्रसर होने का आशीर्वाद दिया.